# प्रैक्टिस सेट-1

1. प्रच्छन्न अल्परोजगार उस परिस्थिति को निर्दिष्ट करता है, जब-
   (a) लोग पूर्णकालिक आधार पर व्यवसाय करते हुए लगते हैं, जबकि उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए पूर्ण काल से कम समय अवधि आवश्यक है
   (b) श्रमिक अववैतनिक है, जबकि वे पूर्णकालिक कार्य कर रहे हैं
   (c) बेरोजगारी और मुद्रास्फीति का सह-अस्तित्व है
   (d) अर्थव्यवस्था अल्परोजगार सन्तुलन का अनुभव करती है
2. फाइ-रानिस मॉडल निम्नलिखित में से किस एक की व्याख्या करता है?
   (a) कृषि और औद्योगिक सेक्टर के बीच परस्पर संबंध
   (b) योजना पद्धतियाँ जब श्रम पूर्ति अल्प हो
   (c) औद्योगिक सेक्टर की संवृद्धि प्रक्रिया
   (d) संवृद्धि विश्लेषण का नव-क्लासिकी ढाँचा
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. सोलो मॉडल एक पूँजी/श्रम अनुपात की व्याख्या करता है, जिसकी वृद्धि सन्तुलन की दशाओं में नहीं होती
   2. सोलो मॉडल में पूँजी का श्रम के स्थान पर प्रतिस्थापन सम्भव है

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. द्वैतवाद विभिन्न स्तरों के अमीर एवं गरीब देशों और अमीर एवं गरीब लोगों के बीच वर्धमान अपसरण के अस्तित्व तथा सातत्य को निर्दिष्ट करता हैं
   2. द्वैतवाद आधुनिक गणतंत्र में समाज को, दक्षिणपंथी एवं वामंपथी दो व्यापक समूहों में, राजनीतिक विभाजन है

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. उच्च प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में उच्च भौतिक जीवन गुणता सूचकांक (PQLI) होता है।
   2. उच्च भौतिक जीवन गुणता सूचकांक (PQLI) वाले देशों में यह आवश्यक नहीं है कि प्रति व्यक्ति आय भी उच्च हो

   उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/है?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
6. निम्नलिखित पर विचार कीजिए-
   एक अच्छा सूचकांक वह है जो
   1. इकाई परीक्षण को सन्तुष्ट करता है
   2. समय विपर्यास परीक्षण को सन्तुष्ट करता है
   3. उपादान-विपर्यास परीक्षण को सन्तुष्ट करता है

   उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/ हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3
7. यदि व्यक्तिगत आय 57,000 रु. है। व्यक्तिगत आयकर 9,000 रु. है, उपभोग 43,000 रु. है, ब्याज भुगतान 10,000 रु. है; व्यक्तिगत बचत 40,000 रु. है, तो प्रयोज्य निजी आय क्या होगी?
   (a) 50,000 रु. (b) 47,000 रु.
   (c) 48,000 रु. (d) 40,000 रु.
8. भेदमूलक एकाधिकारी द्वारा निम्नलिखित में से कौनसा एक, प्रभारित किया जाता है?
   (a) उप बाजार में उच्चतर कीमत जहाँ माँग की कीमत लोच उच्च है
   (b) उप-बाजार में उच्चतर कीमत जहाँ माँग की कीमत लोच निम्न है

(c) उप-बाजार में निम्नतर कीमत जहाँ माँग निम्न है

(d) उप-बाजार में उच्चतर कीमत जहाँ माँग निम्न है

9. जीवन चक्र परिकल्पना के अनुसार, उपभोग निम्नलिखित में से किस एक से संबंधित है?

(a) वर्तमान आय

(b) विगत चरण स्तर आय

(c) जीवन काल प्रत्याशित आय

(d) अपने पूरे जीवन काल की कीमत प्रत्याशाएं

10. सहसंबंध गुणांक निम्नलिखित में से किस एक से स्वतंत्र है?

(a) केवल मापनी से (b) केवल मूल से

(c) मापनी व मूल दोनों से (d) शीर्ष से

11. शिखरता का अभाव निम्नलिखित में से किस एक को निर्दिष्ट करता है?

(a) वैषम्य (b) ककुदता

(c) आघूर्ण (d) बहुलक

12. निम्नलिखित में से किस एक का प्रयोग कर आय की असमानता का मापन किया जा सकता है?

(a) माध्य (b) माध्य विचलन

(c) मानक विचलन (d) लॉरेन्ज वक्र

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बहुलक का मान है, यदि माध्य 12 के और मीडियन 14 के बराबर है?

(a) 16 (b) 26

(c) 18 (d) 13

14. आधार मूल्यों को भार के रूप में प्रयुक्त करते हुए कीमत समानुपातों का भारित औसत निम्नलिखित में से किस एक के बराबर है?

(a) लासपियरे का मात्रा सूचकांक

(b) पाश्चे का कीमत सूचकांक

(c) लासपियरे का कीमत सूचकांक

(d) कैली का कीमत सूचकांक

15. यदि आँकड़ों के एक समुच्चय की प्रत्येक मद को एक स्थिरांक से गुणा किया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा मापक अपरिवर्तनयी रहेगा?

(a) समान्तर माध्य (b) गुणोत्तर माध्य

(c) प्रसरण (d) विचरण गुणांक

16. निम्नलिखित में से कौन सी एक, भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि की लक्ष्याधीन संवृद्धि दर है?

(a) 2 प्रतिशत (b) 3 प्रतिशत

(c) 4 प्रतिशत (d) 5 प्रतिशत

17. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग द्वारा नवप्रवर्तन के अपने राष्ट्रीय सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा/से प्रेक्षण किए गए थे?

1. नवप्रवर्तन की तीव्रता बड़ी फर्मों तथा छोटे व मध्यम उद्यमों (SME) में बढ़ी है।
2. नवप्रवर्तन में छोटे व मध्यम उद्यम (SME) बड़ी फर्मों की अपेक्षा अधिक वृद्धि दर्ज कर रहे हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि आर्थिक कल्याण मे स्वत: ही वृद्धि सुनिश्चित नहीं करती क्योंकि-

1. आय का वितरण पता नहीं होता है
2. संवृद्धि दर पता नहीं होती है
3. यह औसतों की सीमाओं से प्रभावित होती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

19. निम्नलिखित में से कौनसा/से भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारम्भिक शिक्षा का/के लक्ष्य है/हैं?

1. 6-14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का, जिस खण्ड तक पहुँच कठिन है, उसके समेत, सार्वभौमिक नामांकन करना
2. नामांकन में सभी लिंग, सामाजिक एवं क्षेत्रीय अंतरों को 2011-12 तक समाप्त करना
3. समानता लाने के लिए संस्थानों का समतलन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित में से किस एक वर्ष में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन को प्रारम्भ किया गया था?

(a) 2003-04 (b) 2004-05
(c) 2006-07 (d) 2007-08

21. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (केन्द्र, राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र) में कुल सार्वजनिक क्षेत्रक परिव्यय का लगभग कितना अनुमान किया गया है?
(a) 30 लाख करोड़ रु. (b) 36 लाख करोड़ रु.
(c) 40 लाख करोड़ रु. (d) 46 लाख करोड़ रु.

22. भारत में निम्नलिखित में से किस-किस को स्थूल मुद्रा ($M_3$) में सम्मिलित किया जाता है?
1. लोगों के पास करेंसी
2. बैंकों के पास माँग जमाएँ
3. बैंकों के पास मियादी जमाएँ
4. भारतीय रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएँ
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

23. माइक्रो, स्माल एण्ड मीडियम एण्टरप्राइजेज डेवलमेंट एक्ट, 2006 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसी विनियोग सीमाएँ हैं, जो विनिर्माण क्षेत्र के माध्यमिक उद्यमों के लिए निधार्रित हैं?
(a) 10 लाख रु. से अधिक एवं 2 करोड़ रु. से कम
(b) 2 करोड़ रु. से अधिक एवं 5 करोड़ रु. से कम
(c) 5 करोड़ रु. से अधिक एवं 10 करोड़ से कम
(d) 10 करोड़ से अधिक

24. भारत में वर्ष 2006-07 में निम्नलिखित क्रोड़ आधारिक-संरचना उद्योगों में से किस एक में सर्वाधिक संवृद्धि दर रही है?
(a) पेट्रोलियम शोधक संयत्र के उत्पाद
(b) तैयार स्टील
(c) सीमेन्ट (d) विद्युत

25. बारहवें वित्त आयोग द्वारा सहभाजनीय केन्द्रीय करों की शुद्ध सहभाजनीय केन्द्रीय करों की शुद्ध प्राप्तियों का निम्नलिखित में से कौनसा एक अंश राज्यों के लिए अनुशंसित किया गया है?
(a) 29.00 प्रतिशत (b) 28.50 प्रतिशत
(c) 30.50 प्रतिशत (d) 31.25 प्रतिशत

26. केन्द्रीय सरकार के वर्ष 2008-09 के बजट में दिए गए कर राजस्व के निम्नलिखित महत्वपूर्ण स्रोतों पर विचार कीजिए-
1. निगम कर
2. आय पर निगम कर के अतिरिक्त कर
3. आयात शुल्क 4. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
सकल कर राजस्व के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक उनका सही अवरोही अनुक्रम है?
(a) 1-2-4-3 (b) 1-2-3-4
(c) 3-1-2-4 (d) 2-3-1-4

27. एक द्वि-अधिकार बाजार के विषय में जहाँ फर्म A और B हैं, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यदि दोनों फर्म अनुगामी के रूप में कार्य करती है, तो उनके पास प्रतिक्रिया फलन होंगे
2. यदि फर्म A अग्रणी के रूप में और फर्म B अनुगामी के रूप में कार्य करती है, तो फर्म A के पास कोई प्रतिक्रिया फलन नहीं होगा
3. यदि दोनों फर्म अग्रणी के रूप में कार्य करती हैं, तो इसका परिणाम आर्थिक युद्ध होगा
उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3

28. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग का सही उत्तर चुनिए-
**सूची -I**
A. बाजार विफलता B. बाह्यताएँ
C. आर्थिक दक्षता D. कुल भार हानि
**सूची-II**
1. कुल अधिशेष का शुद्ध घाटा
2. कुल उपभोक्ताओं और उत्पादकों के अधिशेष का अधिकतमीकरण
3. एक व्यक्ति के कार्यों का दूसरे व्यक्तियों के कल्याण पर प्रभाव
4. जब कीमतें उपभोक्ताओं और उत्पादकों को उपयुक्त संकेत दे पाने में असफल रहती है

**कूटः**